# मुख्यमंत्री ने 'दिल्ली टैलेंट हंट योजना' का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा के साथ दिल्ली टैलेंट हंट झ हौसलों की उड़ान योजना 2026-27 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में योजना का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि राजधानी में अपार प्रतिभा है। योजना का लक्ष्य दिल्ली के युवाओं की छिपी प्रतिभाओं को पहचान देना, उन्हें निखारना और आगे बढ़ाना है। योजना सभी 70 विधानसभाओं से शुरू होगी और इसमें 25 हजार से ज्यादा युवाओं की भागीदारी होगी। इसमें गायन, नृत्य, थिएटर, फाइन आर्ट, डिजिटल आर्ट, वाद्य संगीत एवं म्यूजिक कंपोजिशन जैसी विधाओं में प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली के युवा अपनी क्षमता, सृजन और परिश्रम से नई पहचान गढ़ें। इस दिशा में दिल्ली सरकार लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली टैलेंट हंट योजना के जरिए सरकार अब प्रतिभाशाली युवाओं के पास पहुंचेगी, इससे पहले इतनी बड़ी टैलेंट हंट योजना नहीं शुरू की गई है। मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट में घोषणा की थी कि दिल्ली सरकार का संस्कृति विभाग दिल्ली के युवाओं के लिए प्रतिभा खोज योजना लागू करेगा। आज इससे वादे को पूरा किया गया है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के युवाओं में गायन, नृत्य, रंगमंच, डिजिटल कला और कई अन्य क्षेत्रों में अपार प्रतिभा है। दिल्ली के कई प्रतिभाशाली युवाओं ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वतंत्र रूप से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। कपिल मिश्रा ने मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में दिल्ली सरकार राज्य के युवाओं के सपनों को एक नई उड़ान देने जा रही है। उन्होंने कह कि इसी ऐतिहासिक पहल के तहत ₹दिल्ली टैलेंट हंट हौसलों की उड़ान₹ की भव्य शुरूआत होने जा रही है, जिसकी घोषणा आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पूरे गर्व के साथ की गई। कपिल मिश्रा ने कहा कि इस अनूठे अभियान का मूल उद्देश्य दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ियों, गलियों और कॉलोनियों में रहने वाले उन प्रतिभावान युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा को ढूंढना, उन्हें निखारना और एक ऐसा मजबूत मंच प्रदान करना है जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

## राहुल गांधी की अमर्यादित भाषा हताशा का प्रमाण : रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने पर लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की आलोचना की है और उनके बयान को घोर हताशा का प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने पर देश से माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि विभाजन और नफरत फैलाना ही कांग्रेस की असली राजनीति रही है। जो नेता और दल स्वयं आपातकाल के दाग और भ्रष्टाचार के इतिहास से घिरे रहे हैं, वे आज राष्ट्रभक्ति का उपदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का नकारात्मक एजेंडा और देश को बदनाम करने की साजिश अब जनता के सामने पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है। देश की जागरूक जनता इस अपमानजनक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी। लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि कांग्रेस और उसके नेताओं द्वारा देश के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ लगातार अभद्र और गैर-जिम्मेदाराना बयान देना उनकी राजनीतिक हताशा को दर्शाता है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि जब कांग्रेस को जनता बार-बार लोकतांत्रिक तरीके से नकार चुकी हो, तब ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की भाषा का सहारा लिया जाता है। प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि देश ने वर्षों तक कांग्रेस की विभाजनकारी राजनीति, भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग को देखा है।

# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सिर मुंडवाकर किया प्रदर्शन

- शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और एनटीए को भंग करने की उठाई मांग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) ने बुधवार को राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (एनईईटी) पेपर लीक विवाद और परीक्षा में अनियमितताओं के खिलाफ ओखला में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकताओं ने विरोध और शोक के रूप में अपना सिर मुंडवा लिया।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन परीक्षा प्रणाली की विफलता और देश भर के लाखों छात्रों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने में सरकार की अक्षमता को उजागर करने के लिए आयोजित किया गया। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि यह केवल बालों का बलिदान नहीं है, बल्कि उन लाखों छात्रों के दर्द, गुस्से और हताशा का प्रतीक है, जिनका भविष्य परीक्षा प्रणाली में भ्रष्टाचार और अक्षमता के कारण नष्ट हो रहा है। बार-बार पेपर लीक ने छात्रों और अभिभावकों के विश्वास को पूरी तरह से तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि एनईईटी पेपर लीक से लेकर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओएसएम प्रणाली और जबरन तीन-भाषा नीति के विवादों तक, शिक्षा मंत्रालय ने लगातार छात्रों को विफल किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए और तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने सभी विश्वसनीयता खो दी है और इसे भंग कर दिया जाना चाहिए।

## पैरोल लेकर 24 साल पहले हुआ था फरार हत्या का दोषी

# दिल्ली पुलिस ने प्रयागराज से दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने हत्या के उस दोषी को गिरफ्तार कर लिया है जो 2002 में पैरोल मिलने के बाद 24 साल से फरार था। उसे हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी।

पुलिस ने बताया कि राकेश पटेल उर्फ पप्पी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए कथित तौर पर अपनी पहचान बदल ली थी और प्रयागराज में नंदलाल वर्मा के नाम से रह रहा था। पुलिस के अधिकारियों के अनुसार, राकेश पटेल ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर 1990 में जहांगीरपुरी इलाके में अपने पड़ोसी की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि पटेल, चंदर प्रकाश और अनिल कुमार को 1995 में हत्या के जुर्म में दोषी ठहराया गया था और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई



- गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने बदल ली थी अपनी पहचान

गई थी। अधिकारियों ने बताया कि पटेल को 1999 में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा शादी के लिए पैरोल दी गई थी। पैरोल की अवधि समाप्त होने के बाद उसने जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि 2002 में, उसे फिर से पैरोल दी गई, लेकिन इस बार, 24 जून को उसकी पैरोल की अवधि समाप्त होने के बाद उसने आत्मसमर्पण नहीं किया। अधिकारी के मुताबिक, एक टीम ने उसके आपराधिक इतिहास, पैरोल रिकॉर्ड, मोबाइल विवरण और ज्ञात ठिकानों का विश्लेषण किया, और उसका पता लगाने के लिए दिल्ली और उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर छापे मारे और वह प्रयागराज में मिला। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹सूचना के आधार पर, टीम ने उसे प्रयागराज से गिरफ्तार किया। शुरू में उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की और दावा किया कि उसका नाम नंदलाल वर्मा है। पुलिस ने बताया कि लगातार पूछताछ के दौरान उसने अपनी असली पहचान कबूल कर ली और यह भी स्वीकार किया कि वह 2002 में पैरोल मिलने के बाद फरार हो गया था। पुलिस ने बताया कि तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि उसे तीन जून, 2002 को पैरोल पर रिहा किया गया था और पैरोल की अवधि समाप्त होने के बाद उसने आत्मसमर्पण नहीं किया।

## वेलकम में युवक की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट गूंजी, और एक युवक की हत्या कर आरोपी फरार हो गए। गौरतलब है कि मृतक का भाई भी एक हत्या के जुर्म में जेल में बंद है। फिलहाल वेलकम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मंगलवार की रात मृतक अमानुल्लाह कुरैशी उर्फ अमान कुरैशी (22) श्यामलाल कॉलेज के पास के पास मौजूद था तभी आरोपियों ने उसके ऊपर गोलियां चला दी, अमानुल्लाह को दो गोलियां लगी थी जिनमें से एक सिर में और दूसरी पेट में लगी थी। जिला पुलिस उपायुक्त संदीप लाम्बा ने बताया कि 19-20 की दरमियानी रात वेलकम थाना क्षेत्र में गोली चलने की सूचना मिली थी, घटनास्थल पर पहुंचने पर पता लगा कि घायल अमानुल्लाह को उसके परिजन जीटीबी अस्पताल लेकर गए है जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# तेज गर्मी का कहर, लू का 'ऑरेंज' अलर्ट जारी

- अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली में बुधवार की सुबह गर्म मौसम रहा, न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शहर के कुछ इलाकों में दिन भर भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है। मौसम विभाग ने लू की स्थिति के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 'ऑरेंज' अलर्ट का मतलब है 'तैयार रहें'। शहर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, साथ ही कुछ इलाकों में दिन के दौरान भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है। मौसम केंद्रों में सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.8 डिग्री अधिक है। पालम में तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.4 डिग्री अधिक है; लोधी रोड में 26.8 डिग्री सेल्सियस, जो सामान्य से 2.8 डिग्री अधिक है; रिज में 28.0 डिग्री सेल्सियस, जो सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक है; और आयानगर में 27.0 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक है। इस बीच, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, सुबह नौ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 177 था जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को अत्यंत खराब और 401 से 500 को गंभीर माना जाता है।

## अदालत ने दिल्ली दंगों के मामले में चार लोगों को किया बरी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने वर्ष 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में चार आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि मामले में दो पुलिसकर्मियों की गवाही पर भरोसा करना खतरनाक होगा, क्योंकि उनके बयान जांच रिकॉर्ड और अन्य सबूतों से मेल नहीं खाते और उनमें विरोधाभास है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह करावल नगर में दंगों के दौरान एक ऑटो-रिक्शा को कथित रूप से जलाने और एक दुकान में तोड़फोड़ कर उसे आग लगाने से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहे थे। इस मामले में सुमित कुमार, अनुज, राहुल और सचिन आरोपी थे। अदालत द्वारा 19 मई को जारी आदेश में कहा गया, मैं पाता हूं कि गवाह संख्या छह और सात (पुलिस अधिकारी) विश्वसनीय गवाह नहीं हैं और उनकी गवाही पर भरोसा करके अभियुक्तों के खिलाफ अभियोजन का निष्कर्ष निकालना खतरनाक होगा। इसलिए मैं पाता हूं कि अभियोजन पक्ष अभियुक्तों के खिलाफ अपना मामला साबित करने में विफल रहा है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, शिकायतकर्ता वाजिद ने आरोप लगाया था कि 25 फरवरी, 2020 को दंगाइयों ने उसकी ऑटो-रिक्शा में आग लगा दी थी, जबकि एक अन्य शिकायतकर्ता शमशाद ने आरोप लगाया था कि दंगाइयों ने उसकी दुकान में तोड़फोड़ कर उसे जला दिया था। अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान की गई थी और मुख्य रूप से पुलिस कर्मियों हेड कांस्टेबल मिथिलेश और सहायक उप-निरीक्ष जुनैद की गवाही पर भरोसा किया गया था, जिन्होंने दावा किया था कि उन्होंने भीड़ को एक ऑटो चालक पर हमला करते तथा वाहन और दुकान में आग लगाते हुए देखा था। इस संबंध में करावल नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए थे। हालांकि, अदालत ने सबूतों में गंभीर विसंगतियां पाईं। साथ ही शिकायतकर्ता वाज़िद को सुनवाई के दौरान पेश नहीं किया जा सका।

# पुलिस ने कंबोडिया से जुड़े साइबर धोखाधड़ी गिरोह का किया भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने एक अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर ऑनलाइन निवेश के नाम पर एक व्यक्ति से 24 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप है। आरोपियों में बीटेक, एमबीए और साइबर सुरक्षा में डिप्लोमा जैसी शैक्षणिक योग्यता रखने वाले व्यक्ति शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि वे कथित तौर पर म्यूल (कमीशन पर मिलने वाले) बैंक खाते संचालित करते थे और धोखाधड़ी के माध्यम से प्राप्त धन को विदेश में बैठे साइबर जालसाजों तक पहुंचाते थे, और इनका संबंध कंबोडिया में मौजूद कुछ लोगों से भी था। आरोपियों की पहचान पंजाब के मोहाली निवासी हरमनजोत सिंह और



कैसर मसूदी, हरियाणा के पानीपत निवासी अभिषेक, दिल्ली के जाफराबाद निवासी मोहम्मद जाहिद और आमिर मलिक, मध्यप्रदेश के जबलपुर निवासी अमरजीत अहिरवार और आलोक शर्मा तथा मध्यप्रदेश के रीवा निवासी अनंत पांडे के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि पांडे व्हाट्सऐप के माध्यम से विदेशी आकाओं के साथ सीधे संपर्क में था और भारत में म्यूल बैंक खाते उपलब्ध कराने वालों तथा कंबोडिया से जुड़े विदेशी साइबर धोखाधड़ी गिरोहों के बीच एक कड़ी के रूप में काम करता था। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता को एक सोशल मीडिया समूह में जोड़ा गया था, जहां शेयर बाजार विशेषज्ञ बनकर ठगों ने सदस्यों को एक फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पीड़ितों का विश्वास जीतने के लिए भारी मुनाफा दर्शाने वाले फर्जी स्क्रीनशॉट साझा किए। इसने कहा कि इस योजना को असली समझकर, शिकायतकर्ता ने आरोपियों द्वारा दिए गए विभिन्न बैंक खातों में लगभग 24 लाख रुपये भेज दिए। जब उसने अपने निवेश और मुनाफे को निकालने की कोशिश की, तो जालसाजों ने कथित तौर पर विभिन्न बहाने बनाकर और अधिक पैसे की मांग की। इसके बाद, 20 मार्च को दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के साइबर थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत ई-प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसके बाद एक समर्पित टीम ने जांच शुरू की।

# श्वेत क्रांति से स्वीट क्रांति ने गांवों को स्वरोजगार और आत्मनिर्भर बनाया : केवीआईसी अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने मुंबई के साथ-साथ अपने देशभर के राज्य एवं मंडलीय कार्यालयों तथा केंद्रीय मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीबीआरटीआई), पुणे में विश्व मधुमक्खी दिवस-2026 के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया। नई दिल्ली स्थित केवीआईसी के गांधी दर्शन, राजघाट कार्यालय से अध्यक्ष, केवीआईसी श्री मनोज कुमार ने देशभर के केवीआईसी कार्यालयों, मधुमक्खी पालकों, लाभार्थियों, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।

इस अवसर पर सीबीआरटीआई, पुणे में आयोजित हनी प्रदर्शनी का शुभारंभ भी अध्यक्ष, केवीआईसी श्री मनोज कुमार ने वर्चुअल माध्यम से किया। इस अवसर पर अध्यक्ष, केवीआईसी श्री मनोज कुमार ने देशभर से वर्चुअल माध्यम से जुड़े प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष विश्व मधुमक्खी दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा संरक्षण, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा कम संसाधनों में प्रभावी आयोजन के विजन के अनुरूप वर्चुअल माध्यम से किया गया है। अध्यक्ष केवीआईसी ने आगे कहा कि आज जब पूरी दुनिया मधुमक्खियों के संरक्षण की चिंता कर रही है, तब भारत ने इस दिशा में सकारात्मक पहल की है, जिसका बड़ा श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच को जाता है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2016 में गुजरात के बनासकांठा से स्वीट क्रांति का आह्वान करते हुए कहा था, जहां श्वेत क्रांति हुई है, वहां अब स्वीट क्रांति भी होगी। यह केवल एक नारा नहीं था, बल्कि गांव, किसान और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का व्यापक दृष्टिकोण था। अध्यक्ष केवीआईसी ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन से प्रेरित हनी मिशन के तहत केवीआईसी द्वारा वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक देशभर में 2,46,099 बी-बॉक्स एवं बी-कालोनियों का वितरण किया गया है, जिससे अनुमानित 24,269 मीट्रिक टन शहद उत्पादन को बढ़ावा मिला है। वर्ष 2025-26 में शहद उत्पादन का अनुमान 5,512 मीट्रिक टन तक पहुंचा है।

साथ ही, केवीआईसी से जुड़े मधुमक्खी पालकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 31 करोड़ रुपये मूल्य के शहद का निर्यात किया गया। शहद निर्यात के प्रमुख गंतव्यों में अमेरिका, कनाडा, यूएई, इजराइल, सऊदी अरब, ओमान, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, कतर और कोरिया रिपब्लिक सहित कई देश शामिल हैं, जो भारतीय शहद की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता को दर्शाता है।

EMBASSY

**Embassy Developments Limited**
(Formerly Equinox India Developments Limited and earlier Indiabulls Real Estate Limited)

**Statement of Audited Consolidated Financial Results for the quarter and year ended 31 March 2026**

(₹ in millions)

| Sl. No. | Particulars | 3 months ended March 31 , 2026 (Refer Note 4) | Preceding 3 months ended Dec. 31, 2025 (Unaudited) | Previous year ended March 31, 2025 (Refer Note 3) | Current year ended March 31, 2026 (Audited) | Previous year ended 31 March 2025 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations | 3,424.63 | 2,127.82 | 8,888.89 | 17,318.32 | 21,795.04 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the year/period (before Tax, Minority Interest and Exceptional and/or Extraordinary items) | (3,489.12) | (2,338.86) | 1,572.63 | (8,974.83) | 553.18 |
| 3 | Net (Loss) / Profit for the year/period before Tax and Minority Interest (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (3,448.74) | (2,382.63) | 1,292.63 | (8,973.22) | 273.18 |
| 4 | Net (Loss) / Profit for the year/period after Tax and Minority Interest (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (3,234.32) | (2,333.39) | 1,229.83 | (8,724.75) | 1,936.33 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the year/period [Comprising Profit / (Loss) for the year/period (after tax) and | | | | | |
| 6 | Other Comprehensive Income (after tax)] | (3,232.26) | (2,402.26) | 1,410.23 | (8,774.22) | 2,111.68 |
| 7 | Earnings per Share (of ₹ 2/- each) | | | | | |
| | - Basic (Amount in ₹ ) | (2.33) | (1.67) | 1.06 | (6.43) | 2.76 |
| | - Diluted (Amount in ₹) | (2.33) | (1.67) | 0.90 | (6.43) | 2.65 |
| 8 | Paid up Equity Share Capital | 2780.07 | 2780.07 | 2443.88 | 2780.07 | 2443.88 |

**Notes to the unaudited consolidated financial results:**

1. The above consolidated results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 20th May 2026. The full year financial results have been audit by the statutory auditors of the Company.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Annual Financial Results are available on the Company's website (https://embassyindia.com) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).
3. The figures for the quarter ended March 31, 2025 represents the balancing amounts between the audited consolidated financial results for the year ended March 2025 and the management accounts prepared year to date figures upto December 31, 2024.
4. The figures for the quarter ended March 31, 2026 are the balancing figures between audited figures in respect of full financial year and the published year to date figures upto December 31, 2025.

**Embassy Developments Limited**
(Formerly Equinox India Developments Limited and earlier Indiabulls Real Estate Limited)

**Statement of Audited Standalone Financial Results for the quarter and year ended 31 March 2026**

(₹ in millions)

| Sl. No. | Particulars | 3 months ended March 31 , 2026 (Refer Note 4) | Preceding 3 months ended Dec. 31, 2025 (Unaudited) | Previous year ended March 31, 2025 (Refer Note 3) | Current year ended March 31, 2026 (Audited) | Previous year ended 31 March 2025 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations | 958.11 | 312.86 | 5,885.68 | 4,121.87 | 21,070.24 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the year/period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (865.32) | (783.39) | (221.51) | (2,972.96) | 803.14 |
| 3 | Net (Loss) / Profit for the year/period before Tax and (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (830.01) | (810.26) | (501.51) | (2,959.52) | 523.14 |
| 4 | Net (Loss) / Profit for the year/period after Tax and (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (798.20) | (739.63) | (472.89) | (2,830.66) | 2,641.78 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the year/period [Comprising Profit / (Loss) for the year/period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (797.85) | (745.54) | (2,137.62) | (2,818.20) | 977.05 |
| 6 | Earnings per Share (of ₹ 2/- each) | | | | | |
| | - Basic (Amount in ₹) | (0.57) | (0.53) | (0.39) | (2.08) | 3.66 |
| | - Diluted (Amount in ₹ ) | (0.57) | (0.53) | (0.39) | (2.08) | 3.51 |
| 7 | Paid up Equity Share Capital | 2780.07 | 2780.07 | 2443.88 | 2780.07 | 2443.88 |

**Notes to the unaudited standalone financial results:**

1. The above standalone results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 20th May 2026. The full year financial results have been audit by the statutory auditors of the Company.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Annual Financial Results are available on the Company's website (https://embassyindia.com) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).
3. The figures for the quarter ended March 31, 2025 are the balancing figures between the audited standalone financial results for the year ended March 31, 2025 and the management accounts prepared year to date figures up to December 31, 2024.
4. The figures for the quarter ended March 31, 2026 are the balancing figures between audited figures in respect of full financial year and the published year to date figures up to December 31, 2025.

**Registered Office:** Office No. 01-1001, WeWork, Blue One Square, Udyog Vihar Phase 4 Rd, Gurugram, Haryana 122016

Place : Bengaluru
Date : May 20, 2026

For and on behalf of the Board of Directors

Aditya Virwani
Managing Director